p>

Title: Issue regarding payment of honorarium of Anganwadi workers and rent of Anganwadi centres running in Madhya Pradesh.

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर): माननीय अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद और धन्यवाद इस बात के लिए भी कि आपने इस लोक सभा के सत्र में नए-नए प्रयोग किए । उसमें एक ऐतिहासिक प्रयोग मैं कह सकता हूं कि आपके माध्यम से हुआ है । लोक सभा टीवी ने लोक सभा एप्प जारी किया है । इसमें लगातार क्रमश: एक-एक घंटे का कार्यक्रम अपलोड हो रहा है । कल और आज मैंने उसे चेक किया है । आपने बहुत ही एक सुविधाजनक चीज उपलब्ध कराई है । इसलिए आपको और आपके तमाम सहयोगी साथियों को भी मैं बहुत-बहुत धन्यवाद दूंगा और साथियों से भी अपेक्षा करूंगा कि आपको धन्यवाद और बधाई दें ।

माननीय अध्यक्ष जी, जैसा पश्चिम बंगाल में 'कट मनी' का रिवाज देश भर में प्रसिद्ध हुआ है, वैसे ही मध्य प्रदेश में अभी 'झटक मनी' का रिवाज चल रहा है । इस 'झटक मनी' के कारण गरीब कर्मचारियों को बहुत परेशानी महसूस हो रही है और मेरे अपने मन्दसौर जिले में जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं बच्चों के बीच में लगातार कार्यरत रहती हैं, ऐसी 3,374 कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को, और केन्द्र के अलावा राज्य सरकारों को जो अनुदान दिया जाता है तो उन्होंने अपने हिस्से का अनुदान काट कर उन्हें दिया है । किराए के भवन, जिनमें आंगनबाड़ियां चलती हैं, उनका लगातार सात-आठ महीने से किराया नहीं मिला है, जिसके कारण उनके मकान मालिक इन आंगनबाड़ियों को खाली करा रहे हैं । मैं चाहूंगा कि चूंकि यह केन्द्र सरकार की योजना है, इसलिए इसमें केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करके उसको प्रभावी भूमिका में लाए ।